फोन नं0–05442–245381

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।

**Email Id- jalnigam3@gmail.com** **Mo. No.- 9473942677**

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 7499 / एम–6 / 112 दिनांक 01.07.2026

विषयः– <u>जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 27.06.2026 को " 'गांव की समस्या–गांव में समाधान' चौपालः धौरहरा में जल जीवन मिशन के 80% नल बंद, महिलाओं ने सुनाई पानी की परेशानी" शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।</u>

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 27.06.2026 को " 'गांव की समस्या–गांव में समाधान' चौपालः धौरहरा में जल जीवन मिशन के 80% नल बंद, महिलाओं ने सुनाई पानी की परेशानी" शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। अवगत कराना है कि विकास खण्ड छानबे में दांती ग्राम समूह पेयजल योजना–भूजल स्रोत द्वारा जलापूर्ति की जाती है। समाचार पत्र में वर्णित धौरहरा ग्राम में कुल 162 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है, जिसमें 75 प्रतिशत से अधिक नलों में जलापूर्ति प्राप्त हो रही है। सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान पूर्व में बिछायी गयी पेयजल पाइप लाइन एवं हास कनेक्शन क्षतिग्रस्त होने के कारण 25 प्रतिशत नल कनेक्शनों में जलापूर्ति बाधित है। उक्त के समाधान हेतु मरम्मतीकरण कार्य प्रगति पर है दिनांक 15.07.2026 तक मरम्मतीकरण कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।






भवदीय

(विश्वजीत)
अधिशासी अभियन्ता

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता